प्रीलिम्स फैक्ट्स: 11 अप्रैल, 2019

- स्लैग कंपनी ऑफ द ईयर पुरस्कार
- गुवाहाटी, देश का पहला सौर ऊर्जा संचालित रेलवे स्टेशन
- क्लाउड हनीपॉट्स Cloud Honeypots

स्लैग कंपनी ऑफ द ईयर पुरस्कार

हाल ही में टाटा स्टील को ग्लोबल स्लैग कंपनी ऑफ द ईयर पुरस्कार दिया गया है।

- जर्मनी में आयोजित 14वें ग्लोबल स्लैग सम्मेलन-सह-प्रदर्शनी-2019 के दौरान यह पुरस्कार दिया गया।
- टाटा स्टील को नए अनुप्रयोगों के विकास में अभिनव प्रयास के लिये यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- यह पुरस्कार टाटा स्टील की स्थिरता और प्रतिबद्धता के प्रति वैश्विक मान्यता को प्रदर्शित करता है और इस मान्यता को बल देता है कि टाटा स्टील को स्थिरता और नवाचार के लंबे स्थायी सिद्धांतों पर स्थापित किया गया है।
- ग्लोबल स्लैग कॉन्फ्रेंस विश्व के बड़े वार्षिक स्लैग इवेंट में से एक है, जिसमें प्रमुख स्टील निर्माता, स्टील मिल सेवा प्रदाता और संबंधित कंपनियाँ शामिल होती हैं।

गुवाहाटी, देश का पहला सौर ऊर्जा संचालित रेलवे स्टेशन

असम का गुवाहाटी रेलवे स्टेशन अब पूरी तरह से सौर ऊर्जा द्वारा संचालित भारत का पहला रेलवे स्टेशन बन गया है।

- इसके लिये इसे देश का पहला ISO प्रमाणित स्टेशन का दर्जा मिला है। इसे ISO-14001: 2015 प्रमाणन संख्या मिली है।
- अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुसार पर्यावरण प्रबंधन पद्धति के लिये कई तरह के ISO प्रमाणन तथा 14001 प्रमाणन है।
- इसे 2015 से उन्नत किया गया था, इसलिये प्रमाणपत्र को ISO-14001: 2015 कहा जाता है।
- गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में सौर पैनलों को स्थापित करने की परियोजना अप्रैल 2017 में शुरू की गई थी और रेलवे स्टेशन की छतों पर लगभग 2352 सौर मॉड्यूल 700 किलोवाट पावर उत्पन्न करने की क्षमता के साथ स्थापित किये गए हैं।
- रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र में सौर पैनल स्थापित किये गए हैं।
- सौर-संचालित स्टेशन का लक्ष्य कार्बन-फुटप्रिंट को कम करने के साथ-साथ बिजली की लागत में कटौती करना है।

क्लाउड हनीपॉट्स Cloud Honeypots

सोफोस (एक आईटी सुरक्षा कंपनी) 'एक्सपोज्ड: साइबर अटैक ऑन क्लाउड हनीपोट्स' की एक रिपोर्ट के अनुसार, हनीपॉट्स के वैश्विक नेटवर्क पर पाँच मिलियन से अधिक बार हमले के प्रयास किये गए।

- मुंबई क्लाउड सर्वर हनी पॉट पर साइबर अपराधियों ने एक महीने में 678,000 से अधिक बार हमले के प्रयास किये, जो अमेरिका में ओहियो (950,000 से अधिक लॉगिन के प्रयास) के बाद दूसरा सबसे बड़ा हमला था।

हनी पॉट

- कंप्यूटर की शब्दावली में हनी पॉट सुरक्षा का एक तंत्र है जिसे खामियों का पता लगाने, विक्षेपण करने या कुछ परिस्थितियों में सूचना प्रणालियों के अनधिकृत उपयोग पर काउंटर अटैक के लिये उपयोग में लाया जाता हैं।
- साइबर हमलावरों को चक्रव्यूह में फँसाने के लिये हनीपॉट्स का इस्तेमाल किया जाता है।
- हमले के दौरान हनी पॉट ऐसा व्यूह रचता है जिससे हमलावर को ऐसा प्रतीत हो कि उसने नेटवर्क में प्रवेश कर लिया है।
- इसी दौरान नेटवर्क रक्षकों को उचित समय मिल जाता है जिससे वे खतरे के विश्लेषण के साथ ही उसे रोकने के लिये उपयुक्त उपाय कर पाते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-11-04-2019